①

FORM NO.III

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

राजस्व विविध प्रार्थना पत्र संख्या 114/2025

प्रार्थी		अप्रार्थीगण
ओमप्रकाश	बनाम	राज. राज्य जरिये तहसीलदार लूणी

किस्म मुकदमा– प्रार्थना पत्र तरमीम शुद्वि

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
16.06.25	प्रार्थी ओमप्रकाश पुत्र रूपाराम निवासी सर तहसील लूणी ने प्रार्थना पत्र तहसीलदार लूणी को प्रस्तुत कर ग्राम सर के खसरा नम्बर 296 में वक्त सेग्रीगेशन गलत तरमीम दर्ज हो गई, जिसे मौके पर कब्जा–काश्त अनुसार शुद्व किये जाने का निवेदन किया। तहसीलदार (भू.अ.) लूणी के पत्रांक/भू.अ./2025/1293 दिनांक 25.04.2025 के जरिये उक्त प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के सन्दर्भ में जांच रिपोर्ट प्राप्त हुई। जिसके अनुसार ग्राम सर के खसरा नम्बर 296 में स्थित कृषि भूमि वक्त सेग्रीगेशन जमाबंदी ऑनलाईन करते समय नक्शे में त्रुटिवश खसरा नम्बर 296 के स्थान पर खसरा नम्बर 296/1 दर्ज हो गया। उक्त रिपोर्ट के साथ संलग्न जांच हल्का पटवारी सरेंचा के अनुसार DILRMP योजनार्न्गत खसरा नम्बर 296 व 296/1 के बटदा नम्बर की ऑनलाईन नक्शे में अदला बदली हो गई है। इस प्रकरण में तरमीम शुद्वि बाबत अनुशंषा की गई। प्रार्थी के प्रार्थना पत्र एवं तहसीलदार लूणी की रिपोर्ट दिनांक 25.04.2025 के अवलोकन से स्पष्ट है कि DILRMP योजनार्न्गत ऑनलाईन तरमीम के समय ग्राम सर के खसरा नम्बर 296 व 296/1 ऑनलाईन नक्शें में अदला–बदली हो गई। जिसे हल्का पटवारी सरेंचा की रिपोर्ट दिनांक 01.04.2025 में प्रस्तावित मौका अनुसार सही करने के आदेश तहसीलदार लूणी को दिये जाते है। उक्त रिपोर्ट आदेश का अंगशुमार हो। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हों। सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी	